**कार्यवाही जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर की बैठक दिनांक 20 फरवरी 2021 को सांय 3:00 बजे श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री वित एवं कार्पोरेट मामले भारत सरकार एंव लोकसभा सदस्य, हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र की अध्यक्षता में हमीर भवन हमीरपुर में सम्पन्न हुई।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

**गैर सरकारी सदस्य :**

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमति कमलेश कुमारी | माननीय विधायक भोरंज विधानसभा क्षेत्र |
| 2. श्रीमति बबली देवी | अध्यक्षा, जिला परिषद, हमीरपुर |
| 3. श्री मनोज कुमार | अध्यक्ष, नगर परिषद, हमीरपुर |
| 4. श्री हरीश कुमार | अध्यक्ष पंचायत समीति हमीरपुर |
| 5. श्रीमति अंजना | अध्यक्षा, पंचायत समीति सुजानपुर |
| 6. श्रीमति अनीता ठाकुर | सदस्या |

**सरकारी सदस्य :**

1. डा0 कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन, भा0 पु0 से0, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर
2. श्री जितेंन्द्र सांजटा, हि0 प्र0 से0 अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी एंव परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
3. डा0 वंदना, भा0 व0 से0 वन मण्डल अधिकारी, हमीरपुर
4. ई0 दीपक गर्ग, अधीक्षण अभियन्ता, जलशक्ति विभाग, हमीरपुर
5. ई0 राजेश कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर
6. ई0 एन0 पी0 एस0 चौहान, अधीक्षण अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर
7. श्री कमलदेव सिंह कंवर, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
8. डा0 अर्चना सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर
9. ई0 प्रमोथ कश्यप, अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग, हमीरपुर
10. श्री अरविन्द लखनपाल, अधिशाशी अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग टौणी देवी
11. श्री वी0 एस0 गुलेरिया, अधिशाषी अभियन्ता हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग हमीरपुर
12. श्री अजीत नागपाल, अधिशाषी अभियन्ता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग वडसर
13. श्री नीरज भोगल, अधिशाषी अभियन्ता, जल शक्ति विभाग हमीरपुर
14. श्री शिव राम राही, जिला खाघ आपूर्ति नियन्त्रक हमीरपुर
15. श्री योगेश्वर आत्मा राम राउत, परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण, हमीरपुर
16. श्री जीत सिंह, उपनिदेशक कृषि, हमीरपुर
17. श्री गुरचरण भटी, अग्रीण जिला प्रवन्धक हमीरपुर

Scanned by CamScanner

18. श्री दिलवर जीत चंद्र, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा हमीरपुर
19. श्री कुलदीप कुमार, उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा हमीरपुर
20. कु0 अपराजिता चंदेल, सहायक आयुक्त विकास एंव खण्ड विकास अधिकारी नादौन
21. श्रीमति अस्मिता ठाकुर, खण्ड विकास अधिकारी हमीरपुर
22. श्री विजय चौधरी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर
23. कु0 स्वाति डोगरा, सहायक आयुक्त विकास एंव खण्ड विकास अधिकारी, सुजानपुर
24. श्री रमेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, बिझड़ी
25. कु0 हिंमाषी, खण्ड विकास अधिकारी, वमसन
26. श्री मनोज कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, भोरंज
27. डा0 राकेश, सहायक निदेशक, पशुपालन विभाग, हमीरपुर
28. श्री विनोद कुमार, जिला योजना अधिकारी, हमीरपुर
29. श्री संजीव शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी, हमीरपुर
30. श्री हेमन्त कुमार, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी, हमीरपुर
31. डा0 सरिता राणा, जिला आर्युवेदा अधिकारी, हमीरपुर
32. श्री कुलदीप कुमार, प्रवक्ता, प्रधानाचार्य DIET नादौन
33. श्री पी0 डी0 चौधरी, PO Himurja
34. श्री तिलक राज JE नगरपरिषद भोटा
35. श्री किशोरी लाल ठाकुर, कार्याकारी अधिकारी, नगर परिषद हमीरपुर
36. श्री हरवंश सिंह, जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर
37. कु0 नीती सोनी, परियोजना निदेशक, ATMA
38. श्री राजेश कुमार, जिला समन्वयक, एच0 वी0 के0 वी0 एन0 हमीरपुर
39. श्री अजय गुलेरिया, प्रधानाचार्य, उघोग प्रशिक्षक केन्द्र हमीरपुर
40. श्री रविन्द्र, पोस्टमास्टर, हमीरपुर
41. श्री सुनील कुमार, जिला खेल अधिकारी हमीरपुर
42. श्री सुरेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक उघान हमीरपुर
43. डा0 विनय सोनी, उपमण्डल मृदा संरक्षण अधिकारी हमीरपुर
44. श्री एच0 सी0 शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर
45. श्री के0 सी0 ठाकुर, कार्याकारी अधिकारी, नगर निगम हमीरपुर
46. श्री संजय कुमार, कार्याकारी अधिकारी, नगर निगम सुजानपुर
47. श्री हरविद्र सिंह, खनन अधिकारी, हमीरपुर
48. श्री खुशी राम, तकनीकी सहायक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर
49. श्री पवन बन्याल, नोडल अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर

Scanned by CamScanner

सर्वप्रथम अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, हमीरपुर द्वारा श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय संसद सदस्य एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), तथा सभी सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों का बैठक में पधारने पर स्वागत किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी,, हमीरपुर द्वारा बैठक की कार्यवाही को आरम्भ किया गया। पूर्व में दिनांक 31.7.2020 को हुई वैठक में पारित आदेशों पर सम्वन्धित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से अध्यक्ष महोदय को अवगत करवाया, तदोपरांत बैठक की कार्यावाही विभाग बार आरम्भ की गई ।

1.<u>स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग</u> :–

**(i) आयुष्मान भारत :** स्वास्थ एंव परिवार कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की वित्तीय एवम् भौतिक प्रगति की सूचना डा0 अर्चना सोनी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन में प्रस्तुत की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का आरम्भ 20 सितम्वर 2018 को हुआ था और इस योजना के अन्तर्गत अब तक कुल 65,077 लाभार्थियों के कार्ड वनाए जा चुके है और कुल 1,50,33,750 की मुआबजा राशि का आकलन किया गया है जिनमें से अव तक कुल 1,11,19,650 रू0 राशि के दावों का भुगतान किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि आयुष्मान भारत योजना का प्रचार प्रसार किया जाए तथा इनके लाभो को जन मानस के मध्य आशावर्कर के माध्यम से जनजागरण अभियान द्वारा पहुंचाया जाए ताकि इन का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग उठा सकें।

अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि वे हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारित करें और प्रयास करें कि हमीरपुर जिला के सभी लोगों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से लाभ पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त प्रदेश कि व प्रदेश से बाहर इन योजनाओं के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची उपलब्ध करवाई जाए।

**(ii) कोप्टा अधिनियम एक्ट :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया कि कोप्टा अधिनियम के अन्तर्गत इस वित वर्ष में अब तक 83160 रू0 1023 दोषियों से चालान के रूप में वसूले गए और इस सन्दर्भ में विभाग द्वारा जिला में एक उडनदस्ते का गठन भी किया। अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि उडनदस्ते को चालान के लक्ष्य दिए जाएं और इसकी fortnightly सूचना जिलाधीश के माध्यम से उन्हें उपलब्ध करवाई जाए।

**(iii) रोगी कल्याण समीति :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर द्वारा रोगी कल्याण समीति हमीरपुर की आय व व्यय की सूचना पर प्रकाश डाला गया, जिस पर अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी

Scanned by CamScanner

हमीरपुर को आदेश दिए कि रोगी कल्याण समीति द्वारा कितना धन अर्जित किया गया घटकवार व्यौरा दें और भविष्य में इसकी आय व्यय का व्यौरा घटकवार देना सुनिश्चित करें।

**(iv) अंधत्व नियन्त्रण राष्ट्रीय कार्यकमः** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि इस कार्यकम के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2085 मोतिया विंद की शल्य का लक्ष्य रखा था जिसमें से 310 शल्य चिकित्सा अब तक की गई है। अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेश दिए गए कि इस कार्यकम में केवल 14.86% की ही प्रगति हुई है इसे लक्ष्य के अनुरूप वढाया जाए।

**(v) अन्य मद :**

**क.)** अध्यक्ष महोदय ने स्वास्थ्य विभाग व SRL लैवोरेटरी द्वारा किए जा रहे समस्त चिकित्सीय परीक्षण (Medical Test) की लागत का तुलनात्मक विवरण 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

**ख.)** अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रधानाचार्य डा0 राधाकृष्णन चिकित्सा महाविघालय हमीरपुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि मोतिया बिन्द की शल्य चिकित्सा को बढावा दिया जाए अगर किसी स्तर पर क्षमता/दक्षता मे कमी हो तो भविष्य मे उसे बढाए जाने पर बल दें।

**ग.)** अध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर एवं जिला कल्याण अद्यिकारी को आदेश दिए कि वे आपस मे समन्वय स्थापित कर के शारीरिक अक्षम व्यक्तियो का श्रेणी बार डाटा जमा करें और शारीरिक अक्षम व्यक्तियो की आवश्यकता अनुसार कृत्रिम अंगो / आवश्यक वस्तुओं का आकलन करके डाटा प्रदान करें और वर्ष 2021 के अन्त तक कोई भी ऐसा व्यक्ति हमीरपुर में नहीं रहना चाहिए जिसे कृत्रिम अंग न मिले हों। इसके अतिरिक्त हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अन्य जिलों व विधानसभा क्षेत्रों से भी शारीरिक अक्षम व्यक्तियों का डाटा उपलब्ध करवाया जाए।

**घ.)** अध्यक्ष महोदय ने स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिए कि हमें भविष्य में जिला हमीरपुर को तम्वाकू मुक्त, कुष्ठ मुक्त, नशा मुक्त, टी0 वी0 व एड्स मुक्त करने के लिए जनजागरण अभियान चलाना चाहिए।

ङ) अध्यक्ष महोदय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व प्रधानाचार्य चिकित्सा महाविघालय को आदेश दिए कि वे CT Scan व MRI Machine से सम्वन्धित मुद्दे को सुलझाने के लिए सचिव स्वस्थ्य से अनुरोध करें और इस मुद्दे को 15 दिनों में हल करें।

**(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर, प्रधानाचार्य, डा0 राधाकृष्णन चिकित्सा महाविघालय हमीरपुर और जिला कल्याण अधिकारी हमीरपुर)**

Scanned by CamScanner

2. <u>विद्युत विभाग</u> :–

**(i) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना :** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्तर्गत विभिन्न घटकों हेतु इस वित वर्ष में 561.23 लाख रू0 का प्रावधान है जिसमें से 252.90 लाख रू0 अव तक खर्च किए जा चुके है तथा शेष राशि मार्च 2021 तक खर्च कर दी जाएगी।

**(ii) आई0 पी0 डी0 एस0 :** इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न घटकों के अन्तर्गत 396 लाख रू0 का प्रावधान रखा गया है जिसके अन्तर्गत कुल 431.00 लाख रू0 अब तक खर्च कर दिए गए है और वर्तमान मे योजना को बंद करने के लिए भारत सरकार को project closer report भेजी जा चुकी है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिए कि हमीरपुर जिला में जहां पर ट्रांसफारमर के कम लोड के कारण विजली की समस्या है उन स्थानों को चिन्हित करके डाटा उपलब्ध करवाएं और इनकी क्षमता वढाने के सन्दर्भ में योजना तैयार की जाए। अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता को आदेश दिए कि विधुत विभाग कनिष्ठ अभियन्ता स्तर पर सर्वे करवा के समस्याओं पर एक Report तैयार करके सदन में इनके समाधान की कार्य योजना अनुसार रखें। इसके अतिरिक्त माननीय विधायक श्रीमति कमलेश कुमारी द्वारा लगवालती (वमसन) में कम बोलटेज के कारण समस्या रहने पर सवाल उठाया जिस पर अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता जल शक्ति और विघुत विभाग को आदेश दिए कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द निपटाया जाए।

**(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग, हमीरपुर)**

**3.<u>सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग :–</u>**

*<u>(महिला एवं वाल विकास )</u>*

**(i) समेकित बाल विकास योजना** :जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत 1351 आंगनवाडी केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें से 83 आंगनवाडी विभाग के अपने भवनों में, 685 सरकारी भवनों में और 583 निजि भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में 10 आंगनवाडी केन्दों का निर्माण कार्य MGNREGA के माध्यम से करवाया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला कार्यकम अधिकारी को निर्देश दिए कि भविष्य में भी आंगनवाडी भवनों के निर्माण की प्रकिया MGNREGA के माध्यम से जारी रखें।

Scanned by CamScanner

**(ii) वेटी वचाओ वेटी पढाओ योजना** : जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वेटी वचाओ वेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में 25.00 लाख रू0 उपलब्ध हैं, जिनमें से अब तक 6.06 लाख रू0 की सहायता दी जा चुकी है।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि इस सन्दर्भ में विभाग की क्या कार्य योजना है का विवरण अगली बैठक में उपलब्ध करवाएं।

**(iii) बेटी है अनमोल** : जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वेटी है अनमोल योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में 68.78 लाख रू0 उपलब्ध है जिनमें से 41.796 लाख रू0 खर्च किए जा चुके हैं। अध्यक्ष महोदय ने आदेश .दिए कि इस निधि को वर्तमान वित्तिय वर्ष में सम्वन्धित गतिविधियों पर खर्च करें।

अध्यक्ष महोदय ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को आदेश दिए कि वे आंगनबाडी केन्द्र वार 3–6 वर्ष के वच्चों की सूची उपलब्ध करवाएं।

**(कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0)**

**4.जल शक्ति विभाग :**

**(i) प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना** : अधीक्षण अभियन्ता द्वारा सदन को अवगत करवाया कि 2980 हैक्टर भूमी को सिचिंत करने के लिए मध्यम सिंचाई योजना नादौन के लिए कुल 339.16 लाख रू0 का प्रावधान किया गया है और अव तक कुल 143.62 लाख रू0 खर्च किए जा चुके हैं।

**(ii) जल जीवन मिशनः–** अधीक्षण अभियन्ता जल शक्ति विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि जल जीवन मिशन में वर्ष 2020–21 के लिए कुल 1711.00 लाख रू0 के धन का प्रावधान है जिसमें से जनवरी 2021 तक 100% धन व्यय किया जा चुका है।

अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता हमीरपुर को आदेश दिए कि वे गर्मियां शुरू होने से पहले समस्त जल स्त्रोतों की सफाई सुनिश्चित करें और जहां पर पम्प हाऊस हैं उनके रख–रखाव को भी सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त विधुत विभाग से समन्वय स्थापित करके पम्प हाऊस में लोड की समस्या को हल किया जाए ताकि पानी की पूर्ण आपूर्ति हो सके।

**(कार्यवाही सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग/विघुत विभाग हमीरपुर)**

Scanned by CamScanner

5. लोक निर्माण विभागः–

**क.) प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनाः–** अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि इस कार्यक्रम के तहत कुल 166 कार्य जिला हमीरपुर में स्वीकृत हुए हैं जिनमें से अव तक 142 कार्य पूर्ण किए गए हैं जिनके लिए कुल 292.65 करोड का प्रावधान था तथा जिसमें से 197.47 करोड खर्च किए जा चुके है।

**अन्य मदः–**

**अध्यक्ष महोदय ने अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निम्न आदेश दिएः–**

**क.)** राज्य व हमीरपुर जिला में हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग के अधीन कितनी सडकें हैं तथा इनके रख रखाव के लिए हमीरपुर जिला में कितना धन उपलब्ध है, (सडक तुल्नात्मक राज्य vs हमीरपुर ) का डाटा 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करवाएं।

**ख.)** वर्ष 2009–10 से अव तक हमीरपुर का बार्षिक वजट व राज्य का वार्षिक वजट लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित कितना है, वर्षवार व्यौरा दें।

**ग.)** मण्डल वार वर्तमान में उपलब्ध मजदूरों की क्या संख्या है।

**भविष्य में बडी परियोजनाएं मुख्यतः 100 करोड से अधिक से सम्वन्धित विवरण भी वैठक में प्रस्तुत करें।**

**(कार्यवाही लोक निर्माण विभाग/अन्य समस्त विभाग)**

6. भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरणः

अध्यक्ष महोदय ने परियोजना निदेशक NHAI से जानना चाहा कि राजमार्ग हमीरपुर–मण्डी–लेह का कार्य अब तक अवार्ड क्यों नहीं किया गया जिस पर परियोजना निदेशक ने सदन को अवगत करवाया कि कई जगह उपमण्डल अधिकारी (ना0) के कार्यालयों में कुछ मामले लम्वित हैं। अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि इन समस्त मामलों को जिलाधीश हमीरपुर के माध्यम से सम्वन्धित उपमण्डल अधिकारी (ना0) से करवाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण)**

7.शिक्षा विभाग :–

**(i) मध्यांतर भोजन :** उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वर्ष 2020–21 के द्वितीय तिमाही तक 617.00 लाख रू0 का प्रावधान है जिसमें से 314.73 लाख रू0 जनवरी 2021 तक व्यय किए जा चुके हैं।

Scanned by CamScanner

**(ii) राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम** : उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत पहली से पांचवी तक पढने वाले 14138 छात्रों को फोलिक एसिड के Suppliment उपलब्ध करवाए गए और पहली से आठवीं तक के छात्रों को 25214 Deworming Tablets उपलब्ध करवाई गई।

**(iii)** बेटी बचाओं बेटी पढाओ : उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि प्रत्येक माह के 11वें दिन जिला में बेटी दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस दिन बच्चों के द्वारा Painting, Skits, debates, Dance व Drama आदि गतिविधियों को किया जाता है। वर्तमान में पहली से आठवीं कक्षा की 12598 वच्चियां इस योजना में पंजीकृत हैं।

अध्यक्ष महोदय ने उपनिदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग को आदेश दिए कि जिला में कितने सरकारी स्कूल चलाए जा रहे हैं तथा उन स्कूलों में बच्चों की कितनी संख्या है जिनमें से कितने वच्चे बाहरी क्षेत्रों (Migrant Labourer) के हैं और कितने हिमाचल के हैं डाटा उपलब्ध करवाया जाए।

**(उपनिदेशक उच्च शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, प्रधानाचार्य DIET )**

8.<u>उद्योग विभाग</u> :-

**(i) प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** : महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 तक 352 मामले स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 178 मामलों में 685.355 लाख रू0 का अनुदान प्रदान किया जा चुका है।

**अध्यक्ष महोदय ने महाप्रवन्धक उघोग को निम्न आदेश दिए :**

(i) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 2014 से अव तक जो लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं उनसे अध्यक्ष महोदय की एक वैठक करवाना सुनिश्चित करें।

(ii) एक जिला एक योजना (One District one Programme) के अन्तर्गत जिलाधीश हमीरपुर के माध्यम से पशुपालन, आयुर्वेद्वा व उघान विभाग की एक वैठक करवाना सुनिश्चित करे जिसमें दुग्ध, ऐलोवेरा संर्वधन से सम्वन्धित उघोग लगाने के अवसर खोजे जाएं।

**(कार्यवाही उद्योग विभाग)**

Scanned by CamScanner

9.आयुर्वेद्वा विभाग :–

जिला आयुर्वेद्वा अधिकारी को आदेश दिए कि वे Medicine पौधों की खेती से सम्वन्धित एक बार्षिक कार्य योजना तैयार करें व इससे सम्वन्धित लगाए गए शिविरों की सूची भी प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही आयुर्वेद्वा विभाग)**

10.दूरसंचार विभाग :–

महाप्रवन्धक (BSNL) को आदेश दिए कि Bharat Net और Optical Fiber की स्थिति को update किया जाए।

**(कार्यवाही दूरसंचार विभाग)**

11.खनन विभाग :–

**(i) प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना :** खनन अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया कि अक्तूवर 2020 तक कुल 1,62,28,327 रू0 जिला खनिज फाउंडेशन में जमा करवाए गए हैं।

**(ii) अवैघ खनन :** जिला खनन अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि जिला हमीरपुर में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ 691 मामले अप्रैल 2020 से अक्तूवर 2020 तक पाए गए, इनमें से 550 केसों से 30,47,900/– रू0 वसूल किए हैं।

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला खनन अधिकारी, हमीरपुर को निर्देश दिए कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए तथा भविष्य में अवैध खनन रोकने हेतु व्यापक प्रबन्ध किए जाएं ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सदन को अवगत करवाया था कि नादौन व गलोड अस्पताल में अल्ट्रासांऊड मशीन उपलब्ध नहीं है इस पर अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी खनन अधिकारी को मशीन का विवरण व लागत का प्राकलन उपलब्ध करवाएं ताकि खनन अधिकारी इस सन्दर्भ में पैसा उपलब्ध करवा सकें।

**(मुख्य चिकित्सा अधिकारी/कार्यवाही खनन अधिकारी)**

12.खाद्य आपूर्ति विभाग :–

**(i) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना :** जिला खाघ नियन्त्रक द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि जिला में इस योजना के अन्तर्गत पहली तिमाही तक 2260 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2044 गैस कुनेकशनों

Scanned by CamScanner

का वितरण किया जा चुका है और 216 आवेदक अपात्र पाए गए थे। वर्तमान में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ii) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम :** जिला खाद्य नियन्त्रक द्वारा सदन को अवगत करवाया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सरकार द्वारा 2,43,958 लाभार्थियों के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और अब तक इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से 157622 लाभार्थी और शहरी क्षेत्र से 6009 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अक्तूबर से दिसम्बर माह तक 3104 MT अनाज को आवंटित करने का लक्ष्य था जिसमे से 3072 MT अनाज प्राप्त हुआ था और अव तक 2895 MT अनाज का वितरण पात्र लाभार्थियों को कर दिया गया है।

**(कार्यवाही जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हमीरपुर)**

13.<u>कल्याण विभाग</u> :–

**(i) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम :** कल्याण विभाग द्वारा सदन को अवगत करवाया कि वर्तमान में इस योजना के अन्तर्गत 10828 पात्र लोगों को सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। और अव तक 10791 पात्र लोगों को सहायता प्रदान की जा चुकी है, और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 15.1.2021 तक कुल 9,94,25,560 रू0 व्यय किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला कल्याण अधिकारी हमीरपुर को निर्देश दिए कि पैंशन से सम्बन्धित पात्र व्यक्तियों के सभी मामलों का निपटान समयानुसार किया जाए।

**जिला कल्याण अधिकारी कार्यवाही की मद संख्या I(V) ग का अनुसरण भी करें।**

**(कार्यवाही जिला कल्याण अधिकारी)**

14. <u>कृषि विभाग</u> :–

**(i) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना** : उपनिदेशक कृषि विभाग ने सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में 19.08 लाख रू0 दिसम्बर में प्राप्त हुए जिन्हें 31 मार्च 2021 तक विभिन्न गतिविधियों पर खर्च किया जाएगा।

**(ii) प्रधानमंत्री फसल वीमा योजना** : अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेश दिए गए कि इस योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुसार किसानों को 31 मार्च 2021 तक पूर्ण लाभ पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री

Scanned by CamScanner

फसल वीमा योजना के अन्तर्गत लगाए गए शिविरों की सूची व अखवार की कतरने (News Cutting) प्रस्तुत करें।

**(iii) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन** : कृषि उपनिदेशक द्वारा सदन को अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत पिछले वित वर्ष में 115.15 लाख रू0 का प्रावधान था और पूर्ण निधि को विभिन्न घटको पर खर्च किया जा चूका है।

**(vi) अन्य मद** : फसलों के संवर्घन के सन्दर्भ में अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि वे इस सन्दर्भ में लघु उघोग स्थापित करने की सम्भावनाएं तलाशें और उघोग विभाग से मामले को उठाएं।

**(vii)** अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि विभाग अधिक से अधिक किसानों के Soil Health Card बनवाना सुनिश्चित करें और किसानों को समृद्व वनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा मृदा प्रशिक्षण किए जाएं।

**(viii)** अध्यक्ष महोदय ने कृषि विभाग को आदेश दिए कि प्रगतिशील किसानों की एक वैठक अध्यक्ष महोदय के साथ करवाना सुनिश्चित करे।

**(कार्यवाही उपनिदेशक कृषि विभाग)**

**15. <u>उद्यान विभागः</u>–**

अध्यक्ष महोदय ने उद्यान विभाग को आदेश दिए कि जो किसान अधिक मात्रा में फलों का उत्पादन कर रहे हैं उनके फलों के संर्वन्धन के लिए उघोग विभाग से मिल कर SHGs के माध्यम से लघु उघोग स्थापित करने की कार्ययोजना पर बल दें और मूल्य संवर्धन पर प्रगतिशील किसानों के कार्यक्रम करवाना सुनिश्चित करे।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिए कि प्रगतिशील किसानों की एक वैठक अध्यक्ष महोदय के साथ करवाना सुनिश्चित करे।

**(कार्यवाही उपनिदेशक उद्यान विभाग)**

**16.<u>सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनाः</u>–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आदेश दिए कि इस योजना के अन्तर्गत जो कार्य वर्ष 2018–19 या किसी कारण से आरम्भ नहीं हो पाए हैं उनका पैसा वापिस भेजना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जो कार्य प्रगति पर हैं उन्हें जून 2021 तक पूर्ण किया जाए अगर धन का अभाव है तो इन कार्यों का MGNREGA से अभिसरण करके पूर्ण किया जाए।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को आदेश दिए कि पंचायत में निर्मित Mahila Mandal, Yuvak Mandal and Janj Ghar (Community/Public Building) भवनों का क्या

Scanned by CamScanner

प्रयोग किया जा रहा है कि Panchayat wise/Village wise report प्रस्तुत करने वारे कहा गया उसके अतिरिक्त जो पंचायत भवन अच्छी स्थिति में नहीं हैं उनकी सूची भी प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही जिला योजना अधिकारी / समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**17. खेल विभाग:–**

अध्यक्ष महोदय ने जिला खेल अधिकारी हमीरपुर को आदेश दिए कि वे जिला हमीरपर में नए खेल मैदानों के लिए पंचायत व खण्ड विकास अधिकारियों से सम्पर्क करके सम्भावनाएं तलाशें और पहले से निर्मित मैदानों के विकास के लिए योजना तैयार करके सम्वन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को इसका प्रस्ताव भेजें ताकि इनके निर्माण व विकास के लिए MGNREGA से धन उपलब्ध हो सके।

**(कार्यवाही खेल विभाग हमीरपुर / समस्त खण्ड विकास अधिकारी हमीरपुर)**

**18. <u>शहरी विकास विभाग:-</u>**

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला हमीरपुर के समस्त नगर परिषदो और नगर पंचायतों के कार्याकारी अधिकारियों और सचिवों को आदेश दिए कि वे केन्द्र सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) व स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करें।

अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त नगर परिषदों और नगर पंचायतों को आदेश दिए कि वे जंगलों में कूड़ा न फैंकें और इसका सही ढंग से निपटान करें और अगली वैठक में सभी शहरी ईकाईयां अपने –2 क्षेत्र का डाटा उपलब्ध करवाएं कि उनके क्षेत्र में कितना कूड़ा निकलता है और आगे उसके निपटान की क्या व्यवस्था है।

**19. <u>ग्रामीण विकास विभाग</u>**

**(i) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना** : उपनिदेशक एंव परियोजना अधिकारी ने सदन में अवगत करवाया कि इस योजना के अन्तर्गत 31 मार्च 2021 तक 1599595 कार्य दिवस अर्जित करने का लक्ष्य रख गया था और अव तक 1368488 (85.55%) कार्य दिवस अर्जित किए जा चुके है।

**(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**(ii) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)** : उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि स्वच्छ भारत मिशन के ठोस कचरा प्रवन्धन के लिए कुल 41080 कार्य स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से अव तक 25336 कार्य पूर्ण हो चुके है।

**(कार्यवाही समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

Scanned by CamScanner

**(iii) एकीकृत जलागम प्रबन्धन कार्यक्रम** : जिला में 5 एकीकृत जलागम प्रबन्धन कार्यक्रम परियोजनाएं भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। जिनको 69 ग्राम पंचायतों के माध्यम से चलाया जा रहा था। इन परियोजनाओं के अन्तर्गत 19471 हैक्टेयर भूमि को उपचारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इनकी परियोजना लागत 3640.05 लाख रू0 थी। वर्तमान में इनमें से 4 परियोजनाओं को सरकार के दिशानिर्देशानुसार बंद कर दिया है और एक परियोजना IWMP-IV के अन्तर्गत अव तक 314.32 लाख रू0 प्राप्त हुए हैं जिनमें से 284.34 लाख रू0 जनवरी माह तक खर्च किए गए है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग जलसंरक्षण हेतु अधिक से अधिक कदम उठाएं और लोगों को संरक्षित जल के संवर्धन के बारे में भी जागरूक करें।

**(खण्ड विकास अधिकारी, विझडी )**

**(iv) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन** : इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में 425 स्वंय सहायता समूह वनाने का लक्ष्य था जिसमें से 235 समूहों का गठन किया जा चुका है और इन समूहों का credit Mobilization का लक्ष्य 686.10 लाख रू0 है जिसमें से कुल 124.20 लाख इन समूहो को credit Mobilization किया जा चुका है। अध्यक्ष महोदय ने खण्ड विकास अधिकारियों को आदेश दिए कि इस परियोजना के अन्तर्गत निर्मित SHGs के सशक्तिकरण के लिए line Deptt. जैसे कृषि, उघान, ग्रामीण विकास एंव उघोग के साथ वैठक करके इनकी कार्यक्षमता के विस्तार को वल दें।

**(समस्त खण्ड विकास अधिकारी)**

**(v) प्रधानमन्त्री आवास योजना, ग्रामीण** : उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हमीरपुर ने सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमन्त्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2016–17 व 2017–18 के लिए 117 घरों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिनमें से 113 घरों का निर्माण कार्य लाभार्थियों ने पूर्ण कर लिया है तथा शेष 4 घरों का कार्य कोर्ट केस और लाभार्थियों की मृत्यु के कारण जिनका SECC 2011 के अनुसार कोई वारिस नहीं है।

**(vi) सांसद आदर्श ग्राम योजना** : उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने सदन को अवगत करवाया कि सांसद आदर्श गांव योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अणु, के लिए 89 कार्य स्वीकृत किए जिनमें से 84 कार्य पूर्ण हो चुके है। तथा शेष 5 कार्यो में से 1कार्य प्रगति पर हैं और शेष 4 कार्य जमीनी विवाद व वर्तमान में स्थानीय स्तर आवश्यकता न होने के कारण स्थगित हैं।

**(कार्यवाही उपनिदेशक, डी0आर0डी0ए0/समस्त विभाग)**

Scanned by CamScanner

**20. <u>अग्रणी जिला प्रवन्धक हमीरपुर</u> :** अग्रणी जिला अधिकारी हमीरपुर द्वारा सदन को अवगत करवाया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पैन्शन योजना में अव तक कमश 89967, 32695, 88202 और 16619 लोगों को जोडा जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अतंर्गत 9452 लोन खाते खोले गए हैं और कुल 257.49 करोड रू0 ऋण आवंटित किए जा चुके है।

**(कार्यवाही अग्रणी जिला प्रवन्धक हमीरपुर हमीरपुर)**

**अन्त में बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव सहित सम्पन्न हुई।**

–हस्ता–
*अध्यक्ष*
जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
हमीरपुर, हि0 प्र0

पृष्ठांकन संख्याः–डी0आर0डी0ए0–हमीरपुर–2018–1381–1435 दिनांक 23 मार्च 2020

प्रतिलिपिः–

*समस्त गैर सरकारी व सरकारी सदस्य, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति हमीरपुर, जिला हमीरपुर को सूचनार्थ।*

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी,
एंवम परियोजना निदेशक,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर,
जिला हमीरपुर

Scanned by CamScanner